# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# एलन मस्क के ट्रंप से माफीनामे का असर, एक ही दिन मे बढ़ गई अरबों की संपत्ति।

Publisher Published on 12 Jun 2025




## ट्रंप से माफीनामे के बाद मस्क की नेटवर्थ मे 191 मिलियन डॉलर का इज़ाफा, विवाद से सुलह तक की पूरी कहानी।

**न्यूयॉर्क, 12 जून 2025: टेस्ला और एक्स (पूर्व ट्विटर) के सीईओ एलन मस्क** की संपत्ति में एक बार फिर उछाल देखने को मिला है। वजह है – **पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सुलह और सार्वजनिक माफी**। मस्क ने ट्रंप के साथ चल रहे विवाद को खत्म करते हुए एक सार्वजनिक पोस्ट में माफी मांगी, जिसका असर उनकी नेटवर्थ पर साफ देखा गया।

**मस्क की संपत्ति मे एंक ही दिन मे उंछाल**
**फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर रैंकिंग** के अनुसार, एलन मस्क की संपत्ति **411.4 बिलियन डॉलर से बढ़कर 411.6 बिलियन डॉलर (191 मिलियन डॉलर का इज़ाफा)** तक पहुंच गई। यह बढ़त ऐसे समय में आई जब मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप से की गई टिप्पणी के लिए खेद जताया।

मस्क ने बुधवार रात को पोस्ट किया – "मुझे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अपने हालिया कुछ बयानों पर खेद है। बात कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गई थी, मैं अब भविष्य की ओर देख रहा हूं।"

**बातचीत से बनी सुलह की राह**
रिपोर्ट के अनुसार, बीते शुक्रवार को मस्क, अ**मेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस** और **व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स** के बीच फोन पर एक बातचीत हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने विवाद खत्म करने की सहमति जताई।

**ट्रंप ने माफी को किया स्वीकार**

**ट्रंप के प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट** ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ट्रंप ने मस्क के माफीनामे को स्वीकार कर लिया है और इसे "परिपक्वता का संकेत" बताया है। उन्होंने आगे कहा कि, "हम अमेरिका के लोगों के हितों और व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे।"

## विवाद की शुरुआत कैसे हुई थी ?

इस विवाद की जड़ थी ट्रंप का नया टैक्स बिल, जिसे मस्क ने "जनता के पैसे की बर्बादी" बताते हुए एक खराब निर्णय कहा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इस बिल को रातोंरात पास कर दिया गया ताकि विपक्ष कोई चर्चा न कर सके।

मस्क के इन बयानों पर ट्रंप ने नाराजगी जताई थी और कहा था कि, "मस्क को जब इलेक्ट्रिक व्हीकल सब्सिडी में कटौती का असर समझ आया, तब उन्होंने विरोध शुरू किया। अगर वह सरकार की सब्सिडी पर ही निर्भर हैं, तो उन्हें सरकारी नियमों का पालन भी करना चाहिए।"

## क्या इस सुलह से मस्क को फायदा हुआ ?

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह माफी और सुलह की खबरें मस्क के लिए व्यावसायिक रूप से फायदेमंद हो सकती हैं, क्योंकि अमेरिका में आगामी चुनावों में ट्रंप की मजबूत स्थिति मस्क की कंपनियों पर पड़े सरकारी फैसलों को प्रभावित कर सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.